
# यूपी की निवेश नीतियां देश में सर्वोत्तमः दीपक

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने कहा है कि राज्य एक अनुशासित एवं निवेशक-अनुकूल माहौल प्रदान करता है, जिसमें उद्यमियों के लिए स्पष्ट नीतियां एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध हैं। राज्य की नीतियां व्यापक, सुव्यवस्थित एवं देश में सर्वोत्तम में से हैं।

दीपक कुमार बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी द्वारा बुधवार को लखनऊ में "उत्तर प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देनाः विकसित भारत @2047 के लिए रणनीति" विषय पर सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। यह 'विकसित UP@2047 एक्शन प्लान' बनाने के लिए स्टेकहोल्डर मीटिंग्स की एक सीरीज़ का हिस्सा था। अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास विभाग आलोक कुमार ने इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट @2047 पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें प्रमुख संरचनात्मक सुधारों, अवस्थापना विस्तार का विवरण प्रस्तुत किया।



दीपक कुमार,औद्योगिक विकास आयुक्त

इवेंट

**97** लाख से ज्यादा सुझाव विजन डॉक्यूमेंट में मिले

- संरचनात्मक सुधारों का विवरण पेश किया गया

## राज्य की कानून व्यवस्था की अहम भूमिकाः मनोज

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन मनोज कुमार सिंह उत्तर प्रदेश सरकार ने यह रेखांकित किया कि उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक प्रमुख एवं आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने राज्य की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व्यवस्था का उल्लेख किया, जो व्यापारिक गतिविधियों हेतु सुरक्षित एवं स्थिर वातावरण प्रदान करती है।

## वस्त्र क्षेत्र को मजबूत करेगी खादीः अनिल

आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, योजना विभाग ने उत्तर प्रदेश@2047 का रोडमैप प्रस्तुत किया और अवगत कराया कि विज़न डॉक्यूमेंट को लगभग 97 .7 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। अनिल सागर प्रमुख सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के वस्त्र क्षेत्र को सुदृढ़ करने में खादी की निर्णायक भूमिका होगी।